Seventeenth Loksabha

pan>

Title: Need to give joining letters to successful candidates for appoinment in Central Armed Forces and to compensate the farmers for the damaged crops due to unseasonal rains.

श्री जसबीर सिंह गिल (**खडूर साहिब**) : ऑनरेबल स्पीकर सर, थैंक्यू।

माननीय अध्यक्ष : सबको पर्याप्त समय और पर्याप्त अवसर मिलेगा।

श्री जसबीर सिंह गिल : सर, मैं आपके माध्यम से माननीय गृह मंत्री जी के ध्यान में लाना चाहता हूं कि वर्ष 2018 में जो हमारी सेंट्रल आर्म्ड फोर्सेज हैं, उनकी भर्ती के लिए 1 लाख 09 हजार कैंडिडेट्स ने रिटन टेस्ट क्लीयर किया था। इन्हीं लोगों ने इसका फिजिकल टैस्ट और मेडिकल टेस्ट भी क्लीयर कर लिया था। इनमें से 55 हजार लोगों को ज्वॉइनिंग मिल गई है, बाकी 54 हजार लोग अभी भी ज्वॉइनिंग की उम्मीद में हैं।

19.00 hrs

मेरी गृह मंत्री जी से गुजारिश है कि कृपया करके उन बच्चों को अपना आशीर्वाद दें और उन्हें जॉइनिंग लैटर दिलवा दें, क्योंकि उनमें से ज्यादातर बच्चे ओवर एज हो गए हैं।

सर, मैं आपसे एक और निवेदन करना चाहता हूं कि तरणतारण बॉर्डर वाला जिला है। यहां पर सबसे बढ़िया बासमती चावल होता है। वह एक्सपोर्ट होता है और इसने दूर-दूर तक देश का नाम ऊंचा किया है। पिछले दिनों बेमौसमी बरसात हुई, बासमती चावल की हजारों एकड़ की फसल बर्बाद हो गई। वहां जो सरकार की कमेटी गई, उसने देखा कि उसमें सिर्फ 5-23 प्रतिशत तक दाना रह गया है और बाकी सारे का नुकसान हो गया है।

मेरी सरकार से गुजारिश है कि कृपा करके उन किसानों जिनकी बासमती चावल की फसल तबाह हुई है, उन्हें 40 हजार रुपए प्रति एकड़

मुआवजा दिया जाए, ताकि वे लोग उजड़ने से बच सकें। धन्यवाद।